राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह... पृष्ठ 2 | योग आयोग के अध्यक्ष द्वारा माँ... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।


शुक्रवार, 06 जून 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 226, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित हो दवाइयों की पहुंच : मुख्यमंत्री साय

### राज्य में आयुष के जरिए बेहतर उपचार की हैं संभावनाएंः मुख्यमंत्री



### आमजन के हित में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार का मुख्यमंत्री ने दिया निर्देश

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने स्वास्थ्य विभाग के सभी प्रमुख अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि दवाइयों की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित होना चाहिए। उन्होंने कहा है कि राज्य में आयुष के जरिए उपचार की बेहतर संभावनाएं मौजूद हैं , इसे और विस्तारित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आमजन के हित में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होते रहना चाहिए। उन्होंने कहा है कि अस्पतालों में मरीजों के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित हो और उन्हें अपने घर के आस पास ही अच्छा इलाज मिले। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज मंत्रालय में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि एनीमिया, मैटरनल प्रोग्राम और लेप्रोसी जैसी बीमारियों पर प्राथमिकता से काम किया जाए।

बैठक में स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मुख्यमंत्री को जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) कार्यक्रम में देश में 5वें स्थान पर है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं का और बेहतर विस्तार होता रहेगा। श्री जायसवाल ने राज्य सरकार के गठन के बाद स्वास्थ्य के क्षेत्र में की गयी उपलब्धियों की जानकारी देते हुए भविष्य की योजनाओं को भी मुख्यमंत्री के सामने रखा।

स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री अमित कटारिया ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य टीबी और मलेरिया जैसी बीमारियों के उन्मूलन की दिशा में बेहतर कार्य कर रहा है। टीबी उन्मूलन की दिशा में उपचार सफलता की दर 90 फीसदी है जबकि इस दौरान शत प्रतिशत टीबी मरीजों का नोटिफिकेशन किया गया है। इसके साथ ही राज्य में मार्च 2025 तक टीकाकरण का 94 फीसदी लक्ष्य पूर्ण किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री अमित कटारिया, मुख्यमंत्री के सचिव श्री राहुल भगत एवं श्री मुकेश बंसल, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा एवं आयुक्त आयुष विभाग श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी, प्रबंध संचालक एनएचएम एवं आयुक्त सह संचालक डॉ प्रियंका शुक्ला, खाद्य एवं औषधि विभाग के नियंत्रक श्री दीपक अग्रवाल समेत स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## बेंगलुरु भगदड़ पर सीएम का बड़ा एक्शन

### एडिशनल पुलिस कमिश्नर , एसीपी समेत कई बड़े अधिकारी सस्पेंड, जांच समिति गठित




**नई दिल्ली।** बेंगलुरु भगदड़ को लेकर कर्नाटक सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। सरकार ने पुलिस कमिश्नर ACP और कई बड़े अधिकारी सस्पेंड कर दिया है। वहीं इस घटना को लेकर जांच समिति गठित करने का फैसला किया गया। इस मामले में बेंगलुरु पुलिस ने स्वत संज्ञान लिया है और आरसीबी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है। स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में कई लोग घायल भी हो गए थे। इस मामले में बेंगलुरु पुलिस ने स्वतः संज्ञान लिया है और आरसीबी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है। सरकार ने तत्काल प्रभाव से कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को उनके पद से हटा दिया है। एसीपी कब्बन पार्क, डीसीपी सेंट्रल जोन, एडीशनल कमिश्नर वेस्ट जोन, बेंगलुरु सिटी पुलिस कमिश्नर, स्टेशन हाउस मास्टर और कब्बन पार्क थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया गया है। गौरतलब है कि पुलिस ने सुरक्षा कारणों का हवाला देकर सरकार से इवेंट न कराने की सलाह दी थी।आईपीएल के 18वें सीजन की चैंपियन बनी ऋष्टक्र बुधवार को बेंगलुरु में विक्ट्री परेड निकालने वाली थी। टीम के चिन्नास्वामी स्टेडियम से पहुंचने से पहले लाखों की तादाद में फैंस स्टेडियम के बाहर जमा हो गए। इतनी भीड़ को संभालने में प्रशासन विफल हो गई। स्टेडियम के गेट पर लोगों के बीच अफरातफरी मच गई।

## गंगा दशहरा पर काशी, प्रयागराज में हजारों की संख्या में आए श्रद्धालु

**वाराणसी/ प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के काशी और प्रयागराज में गंगा दशहरा के पावन अवसर पर गुरुवार को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। यह उत्सव ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि पर मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन मां गंगा का अवतरण स्वर्ग लोक से धरती पर हुआ था। गुरुवार की सुबह तड़के से ही दशाश्वमेध घाट सहित अन्य प्रमुख घाटों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।दूर-दराज से आए हजारों श्रद्धालुओं ने मां गंगा की आराधना और पवित्र स्नान कर पुण्य अर्जित किया। श्रद्धालुओं ने दीपदान, गंगा आरती और मंत्रोच्चार के माध्यम से गंगा मैया से सुख-शांति और मोक्ष की कामना की। घाटों पर सुरक्षा और व्यवस्था के लिए प्रशासन मुस्तैद रहा। एनडीआरएफ और जल पुलिस की टीमें भी घाटों पर तैनात की गईं। काशी की गलियों से लेकर घाटों तक आज का दिन भक्ति भाव और गंगा मैया की जयकारों से गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं का कहना है कि गंगा दशहरा पर काशी में गंगा स्नान का विशेष महत्व है, जिससे सभी पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। गंगा दशहरा वह दिन है जब गंगा नदी का धरती पर अवतरण हुआ था, और इसी दिन को मां गंगा के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है।

### तहसील कार्यालय डोंगरगांव में राजस्व शिविर 6 जून को

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में तहसील कार्यालयों में जनसामान्य के सुविधा की दृष्टिगत तहसील स्तरीय राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार 6 जून 2025 को तहसील कार्यालय डोंगरगांव में तहसील स्तरीय राजस्व शिविर का आयोजन किया गया है। नागरिक शिविर में शामिल होकर राजस्व संबंधित प्रकरणों का निराकरण करा सकते है। कलेक्टर ने शिविर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, कोटवार को उपस्थित रहकर राजस्व प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए है।

## मंडी की समस्या एवं विकास कार्यों का अभिषेक सिंह ने अवलोकन किया



**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पूर्व सांसद अभिषेक सिंह आज सुबह 7 बजे बसंतपुर स्थित कृषि उपज मंडी प्रांगण पहुंचे, जहां पर उन्होंने सब्जी मंडी, थोक फल मंडी एवं अनाज मंडी तथा व्यापारियों एवं उपस्थित कृषकों के साथ भेंट मुलाकात की एवं मंडी में विस्तार किए जाने वाले विकास कार्यों को देखा । इस अवसर पर मंडी समिति से अधिकारीगण भी उपस्थित थे। अभिषेक सिंह ने संबंधित समस्याओं का संज्ञान लेते हुए इसे जल्द ही ठीक करवाने का आश्वासन दिया। मंडी में डॉ रमन सिंह के प्रयासों से करोड़ों रुपए की सौगात मिलने पर मंडी सचिव एवं अधिकारियों ने अभिषेक सिंह को विकास कार्यों के स्थल निरीक्षण भी दिखाते हुए भवन निर्माण के आगामी उद्देश्यों को भी बताया। अभिषेक सिंह ने मंडी की सभी समस्याओं को बारीकी से देखा और जल्द ही ठीक करने का आश्वासन भी दिया। इस दौरान उन्होंने किसानों से बातचीत की, और उनकी समस्याओं को भी देखा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला महामंत्री सौरभ कोठारी,तरुण लहरवानी, मंडल अध्यक्ष सुमित भाटिया,गोलू गुप्ता, पार्षद राजा माखीजा,राजू डागा, संजय तेजवानी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने शालाओं और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में ली प्रेस वार्ता

### युक्तियुक्तकरण से बच्चों को मिलेंगी अच्छी शिक्षा, बेहतर शैक्षणिक वातावरण और बेहतर सुविधाएं




राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शालाओं और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में प्रेस वार्ता ली। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल एवं मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि राज्य में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर और समावेशी बनाने के लिए शालाओं और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया गया है। नगरीय क्षेत्रों में छात्रों की तुलना में अधिक शिक्षक पदस्थ हैं, जबकि ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों की शालाओं में स्थिति इसके विपरीत है। वहां शिक्षकों की कमी है, जिसके कारण शैक्षिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं और छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम भी प्रभावित हो रहा है। इस स्थिति को सुधारने के उद्देश्य से ही प्रदेश सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण का कदम उठाया गया है। इससे जिन शालाओं में शिक्षक की जरूरत है, वहां शिक्षक उपलब्ध होंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में गणित, रसायन, भौतिकी और जीव विज्ञान जैसे अन्य विषयों के विषय-विशेषज्ञ उपलब्ध होंगे। बच्चों को अच्छी शिक्षा, बेहतर शैक्षणिक वातावरण और बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। कुल मिलाकर युक्तियुक्तकरण के माध्यम से छात्र-शिक्षक अनुपात स्कूलों में संतुलित हो, यह सुनिश्चित किया जा रहा है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप शिक्षकों और शालाओं का युक्तियुक्तकरण किया गया। छत्तीसगढ़ में प्राथमिक स्तर पर छात्र-शिक्षक अनुपात 21.84 बच्चे प्रति शिक्षक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में 26.2 बच्चे प्रति शिक्षक हैं, जो राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। राज्य में 212 प्राथमिक शालाएं शिक्षक विहीन एवं 6,872 शालाएं एकल शिक्षकीय हैं। राजनांदगांव जिले में 6 प्राथमिक शालाएं शिक्षक विहीन एवं 94 शालाएं एकल शिक्षकीय हैं। राज्य में 48 पूर्व माध्यमिक शालाएं शिक्षक विहीन और 255 एकल शिक्षकीय हैं। राजनांदगांव जिले में शून्य पूर्व माध्यमिक शाला शिक्षक विहीन और 9 एकल शिक्षकीय हैं। राज्य के प्राथमिक स्कूलों में 7,296 शिक्षक और पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में 5,536 शिक्षकों की आवश्यकता है। राजनांदगांव जिले में प्राथमिक स्कूलों में 126 शिक्षक एकल शिक्षकीय एवं शिक्षक विहीन में और 122 शिक्षक ज्यादा दर्ज संख्या वाले स्कूलों में पदस्थ किये गये है एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में 88 अतिशेष शिक्षकों की पदस्थापना एकल शिक्षकीय 5 स्कूलों में एवं आवश्यकता वाली शालाओं में पदस्थापना की गई है।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि राज्य के प्राथमिक शालाओं में 3,608 एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में 1,762 शिक्षक ही अतिशेष हैं।




# राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह राष्ट्रीय शैक्षिक संप्रवाह 2024-25 का हुआ भव्य आयोजन

## राजनांदगांव जिले से चार शिक्षक सम्मानित हुए

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नवाचारी गतिविधियाँ समूह भारत जो देश के सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों से जुड़ा एक मात्र एवं सबसे बड़ा स्व-प्रेरित नवाचारी शिक्षक समूह है, इसके छत्तीसगढ़ टीम द्वारा राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह शैक्षिक संप्रवाह 2024-25 का आयोजन 29 मई 2025 को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर सह एस.सी. ई.आर.टी. मे आयोजित हुआ. जिसमे पूरे छ्त्तीसगढ़ से 155 शिक्षक/शिक्षिकाओ का सम्मान हुआ.

इस कार्यक्रम मे अतिथि के रूप मे जे.पी. रथ अपर संचालक एस.सी. ई.आर.टी., डॉ बी. रघु सहायक संचालक एस.सी. ई.आर.टी., बी. एल. देवांगन डाईट प्राचार्य, डा एस के जैन डाईट रायपुर, के.के साहू डाईट रायपुर, समूह प्रमुख संजीव कुमार सूर्यवंशी सहित छत्तीसगढ़ की एडमिन टीम उपस्थति थे । इस भव्य कार्यक्रम में राजनांदगांव विकासखंड व जिला से खिलावन सिंह, संकुल शैक्षिक समन्वयक ( संकुल नयाढाबा ) को एवं शिक्षक वर्षा पाठक सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला आमगांव विकासखंड छुरिया, राजेश कुमार



निषाद शासकीय प्राथमिक शाला पेडरवानी, विकासखंड डोंगरगांव व धर्मेंद्र कुमार वर्मा विकासखंड डोंगरगढ़ से उनके उत्कृष्ठ कार्य के लिए प्रमाण पत्र, मेमोंटो, पेन भेंट कर अतिथियो द्वारा सम्मानित किया गया साथ ही कार्यक्रम मे राष्ट्रीय स्तर पर चयनित राज्यों के सभी जिले के विकासखंड से शिक्षकों सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समूह प्रमुख संजीव कुमार सूर्यवंशी सहित पूरे नवाचारी टीम आदि का सतत सहयोग प्राप्त हुआ। इस समूह से जुड़े सभी टीम मेबर शासकीय विद्यालय मे पदस्थ शिक्षक है जो सरकारी विद्यालय मे गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए आपस मे जुड़कर अतिरिक्त प्रयास कर रहे है. ये 2017 से लगातार प्रयासरत है एवं पिछले 4 वर्षो से लगातार इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहे है. इस कार्यक्रम की पूरी योजना, क्रियान्वयन, संचालन एवं समस्त व्यय इन शिक्षको द्वारा ही किया जाता रहा है.

**कई चरणों में हुआ अवार्ड के लिए चयन--**

समूह प्रमुख एवं जिला टीम ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन 2024 में होना था पर स्थानीय चुनाव के चलते इसे आगे बढ़ाया गया था। इसमें कई चरणों के बाद अवार्ड के लिए छत्तीसगढ़ राज्य सहित अन्य राज्यों के शिक्षकों का चयन हुआ है। सर्वप्रथम इसके लिए वेबसाईट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किया गया। पूरे देश से 700+ से भी ज्यादा नॉमिनेशन प्राप्त हुए जिसको स्कूटनी एवं शॉर्टलिस्ट कर चयन समिति द्वारा संबंधित शिक्षकों का साक्षात्कार लिया गया एवं सबंधित से उनके कार्यो के प्रमाण में दस्तावेज मांगे गए हैं। दस्तावेजों का उच्च चयन समिति एवं जिला टीम के प्रमाणीकरण के पश्चात चयन सूची जारी किया है। जिसमें ग्राउंड लेवल पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक शामिल हैं. जिनको राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान 2024-25 से सम्मानित किया गया। चारों सम्मानित शिक्षकों को उनके शिक्षक साथियों, ईष्ट मित्रों एवं शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

## युगांतर में हुआ वृक्षारोपण

**युगांतर में विश्व पर्यावरण दिवस मना )**

**राजनांदगाँव।** शिक्षा, खेल तथा संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण विद्यालय के चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, प्राचार्य मधुसूदन नायर, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेशप्रताप, हैड मिस्ट्रेस विनीता तिलवानी की उपस्थिति में किया गया। विद्यालय के गणमान्य पदाधिकारियों ने विद्यालय परिसर को हरियाली से युक्त बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने अपने बधाई संदेश में कहा कि हमें वृक्षारोपण के साथ-साथ साथ उनकी की सुरक्षा करने का भी संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विद्यार्थियों से सिंगल युज प्लास्टिक का प्रयोग ना करने का आव्हान भी किया। इसी तारतम्य में विज्ञान विभागाध्यक्ष रिंकू राय तथा विभाग के शिक्षक-शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में इस दिवस को यादगार बनाने के लिए विद्यार्थियों ने इस विषय पर पीपीटी का निर्माण तथा अपने घरों में वृक्षारोपण करने का महत्त्वपूर्ण किया। यही नहीं विद्यार्थियों ने पर्यावरण ने जुड़े विभिन्न टॉपिक पर पोस्टर निर्माण करके अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। उन्होंने सेव वाटर तथा प्लास्टिक का उपयोग ना करने, ग्लोबल वार्मिंग जैसे विषयों पर भी अपने वीडियो के माध्यम से विचार व्यक्त किए।



## रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प 9 जून को

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में 9 जून 2025 को सुबह 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट कैम्प में टेक्नोटास्क बिजनेस सॉलुशन प्राईवेट लिमिटेड टेड़ेसरा राजनांदगांव द्वारा कस्टमर सपोर्ट एसोसिएट के 70 पद, प्रथम एजुकेशन फाउण्डेशन अंजोरा जिला दुर्ग द्वारा मल्टीफंक्शनल ऑफिस एसोसिएट के 30 पद, हाउस कीपिंग के 30 पद एवं फुड एण्ड बेवरेजेस के 30 पद, क्रेस कॉपोरेट लिमिटेड जय स्तंभ चौक रायपुर द्वारा असेम्बली ऑपरेटर के 200 पद, असेम्बली ऑपरेटर के 50 पद, प्रोडक्शन ट्रेनी के 270 पद एवं प्रोडक्शन ट्रेनी के 50 पद, वृंदा इंजीनियरिंग प्राईवेट लिमिटेड टेड़ेसरा राजनांदगांव द्वारा फिट्टर के 50 पद, वेल्डर के 40 पद, गैस कटर के 35 पद, ग्राइंडर के 30 पद, हेल्पर के 50 पद, एसएपी ऑपरेटर के 3 पद, एनडीटी लेवल के 2 पद, असिस्टेंट इंजीनियर के 4 पद, सेफ्टी ऑफिसर के 2 पद एवं क्यूए व क्यूसी इंजीनियर के 4 पदों पर भर्ती की जाएगी। प्लेसमेंट में शामिल होने के लिए इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर अपने शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो व रोजगार पंजीयन कार्ड के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

## पूर्व मंत्री अकबर ने छाबड़ा परिवार को बंधाया ढांढ़स

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रदेश के पूर्व वन मंत्री व राजनांदगांव के पूर्व प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर बुधवार को शहर



कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा के पिता सरदार गुरूचरण सिंग छाबड़ा के निधन पर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। पिछले दिनों स्व. छाबड़ा का निधन हो गया था। कल पूर्व मंत्री अकबर ने छाबड़ा परिवार के दीवानपारा स्थित निवास में पहुंचकर कुलबीर छाबड़ा समेत परिवार के अन्य सदस्यों को ढांढस बंधाया। उन्होंने सांसारिक जीवन चक्र से जुड़े इस घटना को ईश्वर की मर्जी बताते परिवार को दुख सहने की कामना की। पूर्व मंत्री ने छाबड़ा से पिता के जीवनकाल की अविस्मरणीय यादों को लेकर भी जानकारी ली। स्व. छाबड़ा सिक्ख समाज के अलावा गैर सिक्ख समाज से सदैव जुड़े रहे। उनका आम लोगों से सीधा सारोकार रहा। सीधे एवं सरल स्वभाव के छाबड़ा के निधन की खबर के बाद प्रदेश के राजनीतिक व गैर राजनीतिक वर्ग के लोग शोक व्यक्त करने के लिए लगातार परिवार के बीच पहुंच रहे हैं। इस दौरान प्रदेश सचिव प्रवीण मेश्राम व अन्य लोग उपस्थित थे।

**शुभांक**

**3-6-9**

**244-0 336-2**

**भाग्यांक**

**489-1 580-3**

# पर्यावरण बचेगा तो सबके प्राण बचेंगे - द्विवेदी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विश्व पर्यावरण दिवस के अतिशय महत्तम परिप्रेक्ष्य में नगर के पर्यावरण विज्ञ डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने समसामयिक विचार विमर्श में बताया कि वर्तमान में बढ़ता चतुर्दिक प्रदूषण, विलुप्त होते जलस्रोत, घटती हरियाली-हरितिमा के कारण निरंतर बढ़ते तापमान आदि से पृथ्वी पर जलवायु परिवर्तन प्रत्यक्षत: दिखाई देने लगा है। जिसके फलस्वरूप संपूर्ण विश्व में पर्यावरणीय संकट इस तरह खड़ा हो गया है कि आज हमारे जीवंत ग्रह पृथ्वी पर जीवन बचाने का एक गंभीर मुद्दा सामने आया है। आज पर्यावरणीय प्रश्न ही प्रश्न है सांस के लिए हवा जहरीली हो चुकी है, पीने के पानी में प्रदूषण का जहर घुल चुका है, फसलें उगाने वाली मिट्टी बुरी तरह प्रदूषित हो चुकी है। इन गहन समस्याओं के कारण धरा पर सामान्य जीवनक्रम / चर्या भयावह हो चुकी है। हवा, पानी, मिट्टी सब बुरी तरह दूषित हैं और इसीलिए मनुजता भी प्रदूषित है। नव तकनीक और विज्ञान की असंख्य उपलब्धियों के बावजूद सारा विकास पोथा लगता है। इन गहन पर्या संकटों के मूल में वास्तव में मानव की अति भौतिकवादी विचारधारा युक्त जीवनचर्या हैं और उसके कार्य हैं। रही सही कसर प्लास्टिक कचरें / अवशिष्ट ने और बढ़ा दी है। वर्तमान में प्लास्टिक मानव जीवन में इस तरह घर कर गया है कि प्रत्येक कार्य /उपक्रम प्लास्टिक के बिना पूरा नहीं होता है। इसके कारण देश-धरती नें 42 लाख से ज्यादा लोग प्रतिवर्ष प्लास्टिक प्रदूषण से ग्रसित होकर काल कवलित होते जा रहे है। आगे डॉ. द्विवेदी ने विशेष रूप से स्पष्ट किया कि संयुक्त राष्ट्र संघ के आकड़ों के आधार पर विगत अर्धशदी में ही पर्यावरण संकट बहुत बढ़ा है और जिसके लिए मनुष्य ही स्वयं जिम्मेदार है। इस गहन संकट से बचने और जन-जन को जागरूक करने के लिए ही यूएनओ ने सन 1972 से 5 जून को विश्व पर्यावरण मनाने का आह्वान किया था। किन्तु उल्लेखनीय है कि वर्ष में केवल एक दिन पर्यावरण दिवस मनाकर हम विशालकाय धरती पर गहराते पर्यावरण संकट से बच नहीं सकते और ना ही मानव सभ्यता को बचा पायेंगे। इसके लिए आवश्यक होगा कि सभी देशों में सर्व जन-जन मिलकर पर्यावरण संरक्षण के लिए मन-प्राण से संकल्पित हों। घर-घर में हरियाली हो, जल संरक्षण के प्रभावी उपाय हो और मिट्टी को प्रदूषित होने से बचाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति नित्य जीवनक्रम में एक / दो घंटे पर्यावरण संरक्षण - संवर्धन हेतु कुछ काम करें, पहल करें।



# पोते ने ही जलाकर की दादा की हत्या

## संपत्ति के लालच में की गई इस दिल दहला देने वाली वारदात का कबीरधाम पुलिस ने 24 घंटे के भीतर किया पर्दाफाश

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम ( दैनिक नांदगांव टाइम्स )।** थाना सिंघनपुरी जंगल अंतर्गत दिनांक 3-4 जून 2025 की दरम्यानी रात ग्राम बामी में घटित इस हृदय विदारक घटना ने समाज को झकझोर कर रख दिया है। मृतक झड़ी राम साहू (65 वर्ष) को रात करीब 1:30 बजे सोते वक्त आग के हवाले कर दिया गया। जलती हालत में वे अपने घर के भीतर पहुंचे और पत्नी को पुकारा। परिजनों और ग्रामीणों की मदद से उन्हें बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी।घटनास्थल की स्थिति, मृतक की जलने की अवस्था और आसपास फैली पेट्रोल जैसी गंध को देखते हुए यह स्पष्ट था कि यह कोई सामान्य दुर्घटना नहीं, बल्कि एक पूर्व नियोजित हत्या है। एफएसएल टीम द्वारा मौके पर निरीक्षण कर एंटीमार्टम बर्निंग की पुष्टि की गई। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम श्री धर्मेन्द्र सिंह ने घटना की गंभीरता को देखते हुए विशेष जांच टीम गठित की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र बघेल एवं श्री पंकज पटेल के निर्देशन में, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लोहारा श्री प्रतीक चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण तथा साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा एवं सिंघनपुरी थाना प्रभारी उप निरीक्षक रोशन बघेल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्परता से विवेचना आरंभ की। तकनीकी और पारिवारिक पहलुओं की बारीकी से जांच के पश्चात मृतक के पोते दीपक साहू पिता इटवारी साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी ने कबूल किया कि वह इस बात से नाराज था कि दादा ने अपनी जमीन का हिस्सा उसके पिता को न देकर अन्य बेटों को दे दिया। इस आशंका और क्रोध में कि उसे भविष्य में कुछ नहीं मिलेगा, उसने पेट्रोल डालकर दादा को आग लगा दी।



# आर्ट ऑफ लिविंग का स्नेह बंधन संपन्न

## प्रभा ठाकुर और किरण साहू का सम्मान

**राजनांदगबांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आर्ट ऑफ लिविंग परिवार राजनंदगांव द्वारा आयोजित स्नेह बंधन अपनो से अपनो का मिलन बहुत ही हर्षोल्लास एवं प्रेम भाव से डॉ सरिता बाजपेयी जी के सानिध्य मे पुष्पांजलि पैलेस मे 1जून को संपन्न हुआ। स्नेह बंधन का शुभारंभ योग प्राणायाम के बाद पवित्र सुदर्शन क्रिया के साथ हुआ। तत्पश्चात् खेल खेल मे ज्ञान और ध्यान की बातों का आदान प्रदान हुआ। डॉ सरिता बाजपेयी जी ने 5 सरल ज्ञान कुंजियों मे पूरा गीता का सार रख दिया। डॉ सरिता ने स्वास्थ्य एवं आध्यात्मिक प्रगति मे आने वाली 9 प्रमुख बाधाओं का उल्लेख किया और उनका सारगर्भित उदाहरण और आसान निवारण भी बताया। उन्होंने आगे बताया की वर्तमान पल मे ही जीवन का सत्य और खुशी निहित है। जीवन की क्षणभंगुरता और अस्तित्व की विशालता पर भी प्रकाश डाला गया। बहुत ही सरल रुचिकर और खेल मनोरंजन के साथ जीवन के गंभीर विषयों और परेशानियों पर भी सार्थक वार्तालाप हुआ। सभी लोग अभीभुत और अचंभित हुए कि जीवन मे आध्यात्मिक ऊर्जा के प्रवाह से हम कठिन से कठिन परिस्थितियों मे भी समत्व और सत्व के साथ आगे निकल सकते है। सभी ने सकारात्मकता से आगे बढ़ने का संकल्प लिया। आर्ट ऑफ लिविंग परिवार ने आगामी 10 जून से 15जून तक पुन: डॉ सरिता बाजपेयी जी के सानिध्य मे हैप्पिनेस प्रोग्राम का आयोजन पुष्पांजलि पैलेस मे किया है। सभी लोगों ने एक स्वर मे संकल्प लिया की हम अपनो के जीवन मे खुशियाँ लाने के लिए उक्त शिविर मे, 101 नये लोगों का पंजीयन करेंगे। इस अवसर पर ग्राम थानोद के गोसेवक श्री किरण साहू को भजन गायन मे विशेष सेवा हेतु सम्मानित किया गया। सुश्री प्रभा ठाकुर को भी जिला शिक्षक समन्वयक बनने पर सम्मानित किया गया। राजनंदगांव आर्ट ऑफ लिविंग परिवार ने डॉ सरिता बाजपेयी जी का आभार एवं सम्मान किया। रायपुर से आये समीर उपाध्याय ने अपने सुमधुर भजनों से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम मे विशेष रूप से श्री हरजीतसिंह, महेंद्र सिंह बन्नोआना, ज्ञानचंद लालवानी, अशोक कोचर, एस के ओझा सर, चंदू भीमनानी, अमर लालवानी, अशोक जैन, श्यामचरण गुप्ता,नरेश परचानी,श्रीमती सुनीता अग्रवाल, श्रीमती करुणा यादव, श्रीमती माया गुप्ता, इंदुबैन ठक्कर, निमिषा, ठक्कर, खुशबू सोनी, पारुल नागवंशी, ज्योति पटेल, अंजू सिंह, दीप्ति साहू, नेहा जोशी, एवं शहर के गण मान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम मे विशेष रूप से डोंगरगांव से इंदर साहू ने भी शिरकत की। कार्यक्रम को सफल बनाने मे विनीता देवांगन, विवेक ठाकुर, शशांक सोनी, अनिल डुलानी,नरेश पंजवानी का योगदान सराहनीय रहा। उक्त जानकारी कार्यक्रम संयोजक अंब्रिक मोटलानी ने एक विज्ञप्ति मे दी।



## विश्व पर्यावरण दिवस परिस्थितिमें माल श्री एवं बादाम पेड़ का रोपण किया गया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में आयोजित एक पेड़ माँ के नाम के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बोरी में प्राचार्य श्रीमती अनीता सहारे जी एवं ग्राम पंचायत बोरी के सरपंच जीवन लाल साहू जी, व्याख्याता सुश्री विभा कायरकर, श्रीमती बार्बी नोन्हारे, सीमा धमगेश, भुवेन्द्र कुमार ठाकुर, श्रीमती विधि चौरसिया पीटीआई उमेश दास वैष्णव इको क्लब के सदस्य छात्र एवं छात्राएं, नीता कोसरे, कुमारी देवांगन की उपस्थिति में माल श्री एवं बादाम पेड़ का रोपण किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा पर्यावरण प्रदूषण एवं पेड़ लगाने हेतु अपने-अपने विचार व्यक्त किये। प्राचार्य श्रीमती अनीता सहारे द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षाओं को संबोधित करते हुए बताएं कि हमें पेड़ क्यों लगाना चाहिए और पेड़ लगाने से क्या-क्या लाभ होते है और कौन-कौन से पेड़ लगाना चाहिये। पर्यावरण प्रदुषण से क्या हानि होती है इस पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। आभार प्रदर्शन सुश्री विभाकायरकर व्याख्याता द्वारा की गई।



# जिला पंचायत अध्यक्ष ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया तथा जल संरक्षण की शपथ दिलाई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छुरिया विकासखंड के ग्राम सड़क चिरचारी में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित मोर गांव मोर पानी महाभियान कार्यक्रम में शामिल हुई। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि जल ही जीवन है और हम सभी को वर्षा के जल का संरक्षण करना बहुत आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों को घरों में सोखता गड्ढा का निर्माण कर वर्षा के जल को संरक्षित कर जल संरक्षण में भागीदारी निभाने की अपील की। जनपद पंचायत छुरिया के अध्यक्ष श्री संजय सिन्हा ने कहा कि वर्षा जल का संरक्षण करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। हम सभी को मिलकर जल संरक्षण का कार्य करना चाहिए और दूसरों को भी जल संरक्षण के लिए प्रेरित करना चाहिए। जिला पंचायत सभापति श्रीमती अनीता मंडावी ने जल संरक्षा के लिए ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया तथा जल संरक्षण की शपथ दिलाई। इस दौरान रैली निकालकर ग्रामीणों को जल संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सभापति जनपद पंचायत छुरिया श्री मोहित पौडोती, श्री चन्द्रशेखर ध्रुव, श्री फत्तेश देवांगन, सुश्री हेमलता बाघमारिया, प्रोग्रामर बिहान श्री गंजीर सहित विभिन्न ग्रामों के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, महिला स्वसहायता समूह की महिलाएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए।

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं वसन बाई अम्बादे पति ओमकार अम्बादे निवासी जेल रोड, वार्ड नं. 21, बंगालीपारा डोंगरगढ पोष्ट डोंगरगढ़ थाना डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ0ग0 की निवासी हूं एव मेरं भारतीय स्टेट बैंक शाखा डोंगरगढ के बचत खाता में बसन बाई अम्बादे (Basan Bai Ambade) पिता आशाराम अंकित हो गया हैं जिसे परिवर्तन किये जाने के लिये अपना वास्तविक व सही नाम वसन बाई अम्बादे (Vasan Bai Ambade) पत्ति ओमकार अम्बादे (Omkar Ambade) के नाम से जाना एव पहचाना जावे । सुचना जाने ।

**भवदीय**

**(वसन बाई अम्बादे)**

### न्यायालय तहसीलदार खैरागढ़ जिला-खैरागढ़-छुईखदान- गण्डई (छ.ग.)

-:: ईश्तहार::-

रा.प्र.क. 202505290200001

अ/21 (1) वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा ग्राम बैहाटोला प.ह.न. 34 तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गगडई के द्वारा आवेदक तिरिथ पिता नियाईक जाति गोंड निवासी ग्राम बैहाटोला तहसील खैरागढ़ द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम वैहाटोला स्थित भूमि ख.न. 67/1 रकबा 02.323 हे. भूमि को पारिवारिक आवश्यकताओं की पूर्ति एंव कर्ज अदायगी हेतु रकमों की आक्रमकता होने पर गैर आदिवासी लीलिमा जंघेल पचि चैतन्य जंघेल निवासी ग्राम धनौरा तहसील सहसपुर के पास विक्रय किये जाने हेतु की अनुमति बाबत आबेदन पेश किया गया हैं।

अतएवे ग्राम बैहाटोला प.ह.न. 34 स्थित भूमि ख.न. 67/1 रकबा 02.323 हे. भूमि को, पारिवारिक आवश्यकताओं की पूर्ति एव कर्ज अदायगी हेतु रकमों की आवश्यकता होने घर गैर आदिवासी लीलिमा जंघेल पचि चैतन्य जंघेल निवासी ग्राम धनौरा तहसील सहसपुर के पास विक किये जाने में जिस किसी को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे पेशी दिनांक 23/06/2025 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावाआपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत कालावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 22/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक 22/05/2025**

**सुनवाई दिनांक 23/06/2025**

**सील** **तहसीलदार, खैरागढ़ (छ.ग.)**

### न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

ईश्तहार::-

रा.प्र.क 202505095300062

ब/121-वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कैलाश वर्मा पिता हरकराम वर्मा जाति लोधी निवासी ग्राम पुरैना तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने पुत्र ओमप्रकाश वर्मा का दिनांक 04.09.2007 को ग्राम पुरैना में जन्म हुआ था जिसका ग्राम पंचायत के जन्म / मृत्यु पंजी में दर्ज नहीं कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने पुत्र ओमप्रकाश वर्मा का दिनांक 04.09.2007 को ग्राम पंचायत पुरैना में जन्म दर्ज कराने बाबत् आवेदन पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश कर जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया गया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 12.06.2025 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 28.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**सील** **नायब तहसीलदार डोंगरगढ़**

### न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगांव 2 के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202505095500044

विषयः-ब-121. मामले की श्रेणीः-राजस्व

सनः- 2024-2025

नादिया प.ह.न. 00028 [(हे0) ]

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - रोशन कुमार,

अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रोशन कुमार आ. स्व. राधेलाल निवासी ग्राम नांदिया तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने दादी सुकमा बाई का मृत्यु दिनांक 18.07.2008 को ग्राम नादिया में होने के कारण अपने दादी सुकमा बाई का मृत्यु तिथि जारी किये शपथ पत्र, चालान, पंचनामा, अनुपलब्धता के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 13-06-2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं, समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29/05/2025 को जारी किया जाता है।

**सील** **नायब तहसीलदार डोंगरगांव**

### न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202506091100002

विषयः- ब-121. मामले की श्रेणीः-राजस्व

सनः- 2024-2025

विचारपुर नवागांव प.ह.न. 00014 [(हे0) ]

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - रतिराम,

अनावेदक पक्षकार - छ.ग.शासन,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रतिराम आ. किसुनराम निवासी ग्राम विचारपुर नवागांव पटवारी हल्का नं. 14 तहसील डोंगरगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने माता कमलाबाई की मृत्यु दिनांक 03/12/2011 को ग्राम विचारपुर नवागांव में होने के कारण अपने माता कमलाबाई की मृत्यु तिथि जारी किये जाने शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामा, चालान क्रमांक 66110625000098 के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत कियाहै।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो पेशी दिनांक 16.06.2025 को स्वंय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 02.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/06/2025 को जारी किया जाता है।

**सील** **नायब तहसीलदार डोंगरगांव**

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं सरस्वती वर्मा पति रामसहाय वर्मा निवासी ग्राम भानुपरी पोष्ट-मुसराकला थाना-डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ0ग0 की निवासी हूं एव मेरे आधार कार्ड, बैंक पास बुक, मतदान परिचय पत्र में सति बाई (Sati Bai) पति रामसहाय वर्मा (Ramsahay Verma) अंकित हो गया हैं जिसे परिवर्तन किये जाने के लिये अपना वास्तविक व सही नाम सरस्वती वर्मा (Sarasvati Verma) रामसहाय वर्मा (Ramshay Verma) के नाम से जाना एव पहचाना जावे । सुचना जाने ।

**भवदीय**

**(सरस्वती वर्मा)**

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं सरिता वर्मा पति गुड्डु वर्मा निवासी ग्राम द्वारा पोष्ट-दारा थाना चौकी-मोहारा तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ0ग0 की निवासी हूं एव मेरे पुत्री के राजस्व अभिलेख में रेशमा वर्मा (Reshama Verma) पिता गुड्डु वर्मा (Guddu Verma) अंकित हो गया हैं जिसे परिवर्तन किये जाने के लिये अपना वास्तविक व सही नाम शालिनी वर्मा (Shalini Verma) पिता गुड्डु वर्मा (Guddu Verma) के नाम से जाना एव पहचाना जावे । सुचना जाने ।

**भवदीय**

**(सरिता वर्मा)**

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं चन्द्र कुमार पिता गुड्डु वर्मा निवासी ग्राम ढारा पोष्ट-द्वारा थाना चौकी-मोहारा तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ0ग0 का निवासी हूं एव मेरे राजस्व अभिलेख में देवा वर्मा (Deva Verma) पिता गुड्डु वर्मा (Guddu Verma) अंकित हो गया हैं जिसे परिवर्तन किये जाने के लिये अपना वास्तविक व सही नाम चन्द्र कुमार (Chandra Kumar) पिता गुड्डु वर्मा (Guddu Verma) के नाम से जाना एव पहचाना जावे । सुचना जाने ।

**भवदीय**

**(चन्द्र कुमार)**

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं प्रीत बाई कंवर पति अमरदास कंवर निवासी ग्राम नारायणगढ़ पोष्ट-चिचालो थाना चौकी-चिचोला तहसील लाल बहादुर नगर जिला-राजनांदगांव छ0ग0 की निवासी हूं एव मेरी पुत्री, के आार कार्ड में उमेश्वरी कंवर (meshwari Kanwar) पिता अमरदास कंवर (Amardas Kanwar) अंकित हो गया है जिसे परिवर्तन किये जाने के लिये अपनी पुत्री का वास्तविक 'व सही नाम तुमेश्वरी कंवर (Tumeshwari Kanwar) पिता अमरदास कंवर (Amardas Kanwar) के नाम से जाना एव पहचाना जावे । सुचना जाने ।

**भवदीय**

**(प्रीत बाई कंवर)**

nandgaon times june-06-1.qxd 6/6/2025 12:00 AM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) 1916 में महात्मा गांधी ने किसे प्रेरित करने के लिए बिहार के चम्पारण की यात्रा की थी?*

*2) वयस्कों में श्वेत रुधिर कोशिकाओं तथा लाल रुधिर कणिकाओं का औसत अनुपात क्या है?*

*3) भारत में प्रसंस्कृत भोजन का कारक कौन सा है?*

*4) बघेली का विकास किस भाषा से हुआ है?*

*5) नजला बौडने रोमधाने किस देश की पहली महिला प्रधानमंत्री हैं?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) किसानों (2) 1:600 (3) खान-पान की आदतें, संगठित खाद्य खुदरा और जीवनशैली बदलना (4) अर्धमागधी (5) ट्यूनीशिया

# योग आयोग के अध्यक्ष द्वारा माँ के नाम वृक्षारोपण

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र में



**राजनांदगांव।** शिक्षा, सस्कृति, सस्कार के लिए संकल्पित संस्था चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र विगत त्रालीस (43) वर्षो से बच्चों, युवाओं व महिलाओं के लिए कार्य करने वाली संस्था के नवीन परिसर चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र संगीत महाविद्यालय सांकरा, राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ शासन के योग आयोग के अध्यक्ष माननीय श्री रूपनारायण सिन्हा जी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक वृक्ष माँ के नाम मौलश्री का पौधा रोपण कर, जगत कल्याण निमित पर्यावरण के संरक्षण के लिए हर व्यक्ति को जागरूक होना चाहिए। योग आयोग के अध्यक्ष महोदय एक संस्मरण सुनाते हुए बताया कि एक कार्यक्रम में गया हुआ था उस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में छोटे से च्पीतलज्ज् का पौधा को खुर्सी में स्थान दिया था। और अध्यक्षता के लिए च्बरगदज् का छोटा पौधा को मंच में स्थान दे कर वहाँ के आयोजक लोग पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य पर संदेश दिये । माननीय अध्यक्ष महोदय जी को संस्थान के संस्थापक डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा ने जानकारी देते हुए... बताया की विश्व प्रसिद्ध कथक नृत्य गुरू पद्मविभूषण पं. बिरजू महाराज जी द्वारा इस परिसर का भूमि पूजन किया गया है और पं. बिरजू महाराज जी इस प्रदेश के संस्कारधानी राजनांदगाँव के इस संस्था में चार बार आकर अखिल भारतीय कत्थक नृत्य कार्यशाला में प्रशिक्षण देकर प्रतिभाओं को तराशा है । चक्रधर कत्थक कल्यण केन्द्र संगीत महाविद्यालय मध्य भारत एवं छत्तीसगढ़ राज्य का राजा चक्रधर सिंह जी के नाम से प्रथम स्नातक संगीत महाविद्यालय है और इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से पैंतीस (35) वर्षो से मान्यता प्राप्त है । संस्था द्वारा ग्रामीण मजदूर, किसान, गरीब, परिवार के बच्चों के लिए ग्रीष्म कालीन नि:शुल्क कला शिविर विगत तीस वर्षों से कर रही है । संस्था के आयोजनों में राष्ट्रीय एवं



अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों द्वारा अपनी कला प्रदर्शन किये है । वृक्षा रोपण के अवसर पर संयासी आत्म चैतन्य बाल योगेश जी, संयासी आत्म प्रिया जी, संयासी तारिणी जी, श्रीमती सुधा गुप्ता, तुषार सिन्हा आदि उपस्थित थे । उपरोक्त जानकारी वेदांग पब्लिक स्कूल के प्राचार्य श्रीमती गीतांजलि ने दी ।

# चारागाह विकास संबंधी कार्यशाला संपन्न

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम (नांदगांव टाइम्स)।** भोरमदेव परिक्षेत्र अंतर्गत जमुनापानी उपपरिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 104 में विश्व पर्यावरण दिवस एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर चारागाह विकास के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

वनमण्डलाधिकारी, कवर्धा से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त कार्यशाला में भोरमदेव परिक्षेत्र के निकटतम गांव के जनप्रतिनिधि, चिल्फी एवं भोरमदेव अभ्यारण के मैदानी अमला उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान अभ्यारण अंतर्गत निवास करने वाले वन्यजीवों हेतु खाद्य चारागाह के विकास हेतु बीजों के छिड़काव



की विधि का विस्तृत वर्णन एवं फील्ड डेमोंसट्रेशन किया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि वर्ष के सितंबर से दिसंबर के महीने तक खाद्य घासो के बीजों का संग्रहण वन अमले के द्वारा किया जाता है और जून जुलाई के महीने में सामान्य जुताई कर इन बीजों को गोबर खाद रेत और मिट्टी के साथ उचित मात्रा में मिलाकर रिक्त क्षेत्रों में फैलाया जाता है. जिससे वर्षा ऋतु के दौरान इन बीजों का अंकुरण होने से वन्य जीवों हेतु चारागाह का निर्माण हो पाता है। चारागाह विकास एक अत्यंत आवश्यक कार्य है क्योंकि जंगल के भीतर चारागाह के उपलब्ध होने पर हुमन एनिमल कनफ्लिक्ट को कम किया जा सकता है साथ ही साथ वन्य जीवन हेतु बेहतर खाद्य घासों की उपलब्धता बढ़ाई जा सकती है जिससे उनकी जनसंख्या अभ्यारण क्षेत्र में बढ़ सकती है। इस हेतु वन अमला लगातार प्रयास कर रहा है साथ ही साथ गांव के लोगों को भी जागरूक कर रहा है कि वे अपने घरेलू पशुओं को जंगल क्षेत्र में ना चरायें. ग्रामीणों द्वारा भी वन विभाग के सहयोग हेतु आश्वासन दिया गया है जिससे वन्य प्राणियों की आबादी में वृद्धि हो सके और जैव विविधता को बरकरार रखा जा सके।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम दौजरी एवं रवेली में कृषि रथ का आयोजन

**कवर्धा (नांदगांव टाइम्स)।** राज्य शासन द्वारा कृषकों को



आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में निरंतर रूप से कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखण्ड कवर्धा के ग्राम दौजरी एवं रवेली में कृषि रथ का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में संयुक्त संचालक कृषि, दुर्ग संभाग गोपिका गबेल, तथा अन्य जनप्रतिनिधि, कृषि वैज्ञानिक, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कृषकगण शामिल हुए।

## शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ नीलू श्रीवास्तव के निर्देशन में तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री संजय सप्तर्षि एवं श्रीमती करुणा रावटे के मार्गदर्शन में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ नीलू श्रीवास्तव ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण कर हम आने वाले कल को बेहतर बना सकते हैं, यदि स्वस्थ रहना है तो हमें स्वच्छ वातावरण व स्वच्छ जल की आवश्यकता होगी जिसके लिए आज हमें पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्प लेना चाहिए कि हम स्वयं के लिए आने वाली पढ़ियों के लिए एक बेहतर भविष्य दे सके। पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित व्याख्यान में अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ महेश श्रीवास्तव ने कहा कि मनुष्य ने विकास के लिए प्रकृति का अंधाधुन दोहन कर विश्व को विनाश की ओर धकेल दिया है वास्तव में मनुष्य ही इसका दोषी है अत: हमें इस बात पर विचार करने की आवश्यकता है। उक्त अवसर पर अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ अनीता शंकर, एन.सी.सी. अधिकारी श्री चिरंजीव पाण्डे रजिस्ट्रार श्री दीपक परगनिया एवं एन.एस. एस व एन.सी.सी के स्वयं सेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण के साथ किया गया।



## ब्रह्माकुमारीज द्वारा मनाया गया पर्यावरण दिवस

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजनांदगांव द्वारा ग्राम देवादा में पर्यावरण दिवस मनाया गया इस अवसर पर वृक्षारोपण कर प्रकृति को सदा शुद्ध रखने की प्रेरणा ग्रामवासी को दी गई । कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी प्रभा बहन जी ने कहा कि सिर्फ पेड़ लगा देना ही पर्यावरण दिवस मनाना नहीं है बल्कि सदा हम अपने मन में पवित्र विचार वातावरण में प्रवाहित करते रहे इससे भी पर्यावरण पवित्र एवं शुद्ध होता है । प्रकृति हमारे पवित्र विचार को ग्रहण करती है और सुख शांति का अनुभव करती है । इस अवसर पर अमरूद बरगद एवं नीम का पौधारोपण भी किया गया तथा इसकी मां बनकर बच्चे की तरह रक्षा करने की शपथ दिलाई गई । इस अवसर पर उपस्थित ब्रह्माकुमार झालम भाई ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लाभ ग्रामवासियों को बताते हुए उनको पर्यावरण के प्रति जागरूग रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी लोकेश्वरी बहन जी , ब्रह्माकुमार प्यारे लाल भाई, भागवत कुंभकार , ग्राम सरपंच बहन श्रीमती लक्ष्मी साहू , उपसरपंच भ्राता राम नारायण एवं अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।



# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर निगम द्वारा आनंद वाटिका में वृक्षारोपण

**राजनांदगांव।** नगर निगम द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आनंद वाटिका में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहॉ महापौर श्री मधुसूदन यादव ने एक पेड़ मॉ के नाम कदम का पौधा लगाकर पर्यावरण की रक्षा के लिए शपथ दिलाए। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ही आज पौधा नही लगाना है, बल्कि हर अच्छे दिन पौधे लगाकर उसकी रक्षा करनी है। एक पेड़ मॉ के नाम लगाने का शासन का उद्देश्य हम सबको भावनात्मक रूप से जोडना है। चुकि मॉ के नाम पेड लगायेगे तो उसकी रक्षा और कर्तव्य का बोध होगा और उसे हर साल बढते हुए देखेंगे तो जीवन में खुशहाली आयेगी और मॉ का आर्शिवाद मिलेगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हमसे पहली पीढी ने जो पौधे लगाए है उसका फ्ल हम आज पा रहे है, उसी प्रकार आज हम जो पौधे लगाऐगे उसके लिए हमारी आने वाली पीढी हमको धन्यवाद देगी। महापौर श्री यादव ने कहा कि हमारा राजनांदगांव शहर हरा भरा रहे और पर्यावरण की दृष्टि से बेहतर हो, इस दिशा में हम सब मिलकर काम करेगे। उन्होंने नागरिकों एवं समाज सेवियो, महिला समूहो से आज के शुभ अवसर पर अपील की है कि अपने घर एवं आस पास तथा रिक्त भूमि में पौधे लगाए और उसकी देख भाल करे, क्योकि सभी के सहयोग से ही हम पर्यावरण संरक्षण कर सकते है। उन्होंने कहा कि शहर के विभिन्न स्थानों में इस वर्ष लगभग 7 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है, जो बिना जन भागीदारी के संभव नहीं है। अत: आप सब वृक्षारोपण में सहयोग कर पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बने। आनंद वाटिका में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में महापौर सहित निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री सावन वर्मा, शैकी बग्गा, राजा माखीजा, श्रीमती वर्षा सिन्हा, श्रीमती केवरा राय सहित पूर्व पार्षद श्री शरद सिन्हा, श्री विजय राय व श्री गुरूमुखदास वाधवा, पार्षद प्रतिनिधि श्री पंकज कुरंजेकर, कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके व श्री संजय वर्मा, सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम ने बरगद, पीपल, कदम, गुलमोहर, जामुनिया, मोहगनी एवं स्कोथोडिया प्रजाति के 42 पौधे रोपित किये।



# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महापौर ने किया वृक्षारोपण

## इंडियन डेंटल एसोसिएशन, राजनांदगांव द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आई.डी.ए.) राजनांदगांव शाखा द्वारा नगर के ठाकुर प्यारेलाल स्कूल परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर के महापौर मधुसूदन यादव, वार्ड पार्षद संतोष पिल्ले एवं प्राचार्य ठाकुर प्यारेलाल स्कूल भूषण साव विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का नेतृत्व आई.डी.ए. अध्यक्ष डॉ. मनुप्रीत कौर और सचिव डॉ. नुपुर सरकार द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव ने वृक्षारोपण पश्चात् उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र शासन एवं राज्य शासन के आव्हान पर अधिक से अधिक वृक्षारोपण की मुहिम चलाई जा रही है, जिसमें हम सबको भी अपना योगदान देना है। उन्होंने उपस्थित जन समुदाय से नवरोपित पौधों एवं वृक्षों की देखभाल एवं सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखने की अपील की। आई.डी.ए. अध्यक्ष ने महापौर मधुसूदन यादव को अवगत कराया कि इस पर्यावरणीय पहल का उद्देश्य स्वच्छ, हरित और स्वस्थ समाज की दिशा में जनभागीदारी को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम की थीम च्डेंटल वे टू एनवायरनमेंटज्ज् रही, जिसमें यह संदेश दिया गया कि जैसे हम दांतों और मौखिक स्वच्छता पर ध्यान देते हैं, वैसे ही हमें पर्यावरण की स्वच्छता और संतुलन की ओर भी सजग रहना चाहिए। वृक्ष जहां ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, वहीं वे वायुमंडल से विभिन्न हानिकारक गैस और वाष्प को अवशोषित कर वातावरण को शुद्ध करते हैं। इस आयोजन में मीडिया समन्वय में सहयोग डॉ. जय टांक, आई.डी.ए. राजनांदगांव शाखा का भी योगदान रहा। कार्यक्रम में आई.डी.ए. सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन में आई.डी.ए., राजनांदगांव के सदस्य डेंट्स्टि डॉ शारदा साहू, डॉ अनुष्का देवघरे, डॉ अंकुर प्रीथयानी, डॉ रीना पाटिला, डॉ अरिहंत, डॉ आकाश कटियारा, डॉ आकांशा सोनी सहित वार्डवासीगण उपस्थित रहे।

## धर्म समाचार....

# क्या सच में सोते हैं भगवान विष्णु, क्या है इसके पीछे की कहानी




2025 मान्यता है कि वामन अवतार में राजा बलि को वरदान देते हुए भगवान विष्णु ने यह वचन दिया था कि वे हर साल आषाढ़ शुक्ल एकादशी से कार्तिक शुक्ल एकादशी तक पाताल लोक में रहेंगे। इस दौरान वह योग निद्रा में रहते हैं। इन चार महीनों को चातुर्मास के नाम से जानते हैं जिनमें धार्मिक गतिविधियां होती हैं। आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी के दिन सृष्टि के पालनहार भगवान विष्णु चार महीने के लिए योग निद्रा में चले जाएंगे। इस साल देवशयनी एकादशी 6 जुलाई को है। तो क्या इसका मतलब है कि भगवान भी सोते हैं। वह सोने के लिए कहां जाते हैं और वह ऐसा क्यों करते हैं। यदि आपके भी मन में ये सवाल है, तो आज हम आपको इसके पीछे की पूरी कहानी बताते हैं। ज्योतिषीय कारण यह है कि इस समय सूर्य दक्षिणायन होने लगता है, जिस दौरान कोई भी मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं। इस चार महीनों में वर्षा ऋतु होने की वजह से पहले के समय में एक जगह से दूसरी जगह आना-जाना मुश्किल होता था। वहीं, मौसम जन्य बीमारियों के फैलने की वजह से लोग इस दौरान सात्विक खाना-पीना करते थे। इसी वजह से इस दौरान मांगलिक कार्यों को बंद कर दिया जाता था। वहीं, धार्मिक कारण पौराणिक कथा राजा बलि से जुड़े एक वचन के कारण मानी जाती है।

**वामन अवतार में दिया था वर**

अवतार लेकर राजा बलि का उद्धार करने के बाद भगवान विष्णु ने उन्हें पाताल लोक का राजा बना दिया, साथ ही वर मांगने को कहा। तब बलि अपने साथ पाताल लोक में भगवान विष्णु के निवास करने का वर मांगा। अपने वचन से बंधे भगवान विष्णु पाताल लोक चले गए। यह देखकर माता लक्ष्मी समेत सभी देवी और देवता चिंतित हो गए। माता लक्ष्मी गरीब महिला का रूप रखकर राजा बलि के पास पहुंचीं। उसे राखी बांधकर अपना भाई बना लिया और इसके बदले में भगवान विष्णु को उनके वचन से मुक्त करके बैकुंठ धाम ले जाने की बात कही। बलि ने भगवान विष्णु को वचन से मुक्त कर दिया। तब बलि को भगवान ने वरदान दिया कि वे हर वर्ष आषाढ़ शुक्ल एकादशी से कार्तिक शुक्ल एकादशी तक पाताल लोक में योग निद्रा में रहेंगे। इस दौरान धरती पर चातुर्मास मनाया जाता है, जब धार्मिक गतिविधियां की जाती हैं।

## रात में सोते समय जरूर करें इन मंत्रों का जप, दूर होगी दुख-चिंता और मिलेगी चैन की नींद

सनातन धर्म में मंत्रोच्चारण का विशेष महत्व बताया गया है। मंत्रोच्चारण के मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ शारीरिक दृष्टि से भी लाभ मिलते हैं। ऐसे में अगर आप सोने से पहले इन मंत्रों के जप करते हैं तो इससे आपको शांति का अनुभव होता है और चैन की नींद आती है।रोजाना मंत्रोच्चारण से आपको अद्भुत लाभ मिल सकते हैं। ऐसे में मंत्रोच्चारण को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा जरूर बनाएं। ऐसे में हम आपको आज कुछ ऐसे मंत्र बताने जा रहे हैं, जिनका आप सोने से पहले जप कर सकते हैं। इससे आपको कई तरह के लाभ मिलते हैं। गायत्री मंत्र को बहुत ही प्रभावशाली मंत्र माना जाता है। नियमित रूप से इसका जप करने से जातक बुद्धि और ज्ञान की प्राप्ति हो सकती है। वहीं अगर आप रोजाना रात में सोते समय गायत्री मंत्र का जप करते हैं, तो इससे बुरे सपने आने की समस्या समाप्त हो सकती है। यह भगवान शिव को समर्पित महामृत्युंजय मंत्र है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस मंत्र का जप रोजाना करने से साधक को अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की प्राप्ति हो सकती है। ऐसे में आप सोने से पहले इस मंत्र का जप कर सकते हैं, जिससे आपके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को मजबूती मिलेगी। रोजाना सोने से पहले इस शांति मंत्र का उच्चारण तीन बार करें। ऐसा करने से मन और शरीर को शांति प्राप्त होती है। इसी के साथ मन से तनाव, चिंता व नकारात्मक विचार दूर होते हैं और आपको मानसिक शांति का अनुभव होता है। इसलिए अच्छी नींद के लिए इस मंत्र का जप जरूर करें। हनुमान चालीसा के रोजाना पाठ से आपको जीवन में अच्छे परिणाम देखेने को मिल सकते हैं। इससे साधक पर हनुमान जी की कृपा भी बनी रहती है। ऐसे में सोने से पहले हनुमान चालीसा का पाठ करने से मन को शांति मिलती है और अच्छी नींद आती है। इसके साथ ही हनुमान जी की कृपा से व्यक्ति के सभी प्रकार के भय भी दूर होते हैं।



nandgaon times june-06-1.qxd 6/6/2025 12:00 AM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, टैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# रौशनी से जगमगाएगा चीखली स्कूल का मैदान : सांसद संतोष पाण्डेय

## सांसद संतोष पाण्डेय ने दी चीखली स्कूल मैदान में फ्लड लाइट की सौगात, शिवनगर बुल्स, रमन बाजार वारियर्स, शांतिनगर शूरमा एवं चीखली ड्रैगन्स ने जीते अपने-अपने मैच



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित राजनांदगांव हॉकी लीग प्रतियोगिता के तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्री संतोष पाण्डेय (राजनांदगांव लोकसभा) की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री खूबचंद पारख ने की। विशिष्ट अतिथियों में भाजपा जिला महामंत्री श्री राजेन्द्र गोलछा, पार्षद श्री शिव वर्मा, श्री कन्हैया सुनील साहू तथा क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक श्री ब्राह्मणंद चौबे, श्री नारायण यादव, श्री रामप्रसाद यादव, श्री मोहम्मद असलम, श्री सुरेश डेकाटे एवं श्री ललित नायडू उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसायटी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को खेल से जोड़ने का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने पटरी पार क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए बड़ी सौगात के रूप में चीखली स्कूल के मैदान में फ्लड लाइट लगाने की घोषणा की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व कैबिनेट मंत्री खूबचंद पारख ने कहा कि राजनांदगांव का हॉकी में स्वर्णिम इतिहास रहा है और रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसायटी उस गौरवशाली युग को पुन: जीवंत करने का कार्य कर रही है।

भाजपा महामंत्री श्री राजेन्द्र गोलछा ने भी लीग की सराहना करते हुए कहा कि इससे बच्चों को न सिर्फखेल में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा, बल्कि उनके सर्वांगीण विकास में भी सहायक सिद्ध होगा।

**मैच परिणाम:**

**पहला मैचल रामनगर हीरोज बनाम शिवनगर बुल्स**

इस रोमांचक मुकाबले में शिवनगर बुल्स ने 3-2 से जीत दर्ज की। शिवनगर की ओर से अमल ने 2 और उदित मणि साहू ने 1 गोल किया।

**दूसरा मैच: सोलखोली स्ट्राइकर्स बनाम रमन बाजार वारियर्स**

रमन बाजार वारियर्स ने यह मुकाबला अपने नाम किया। टीम के लिए प्रताप राजपूत और सिद्धार्थ ने 1-1 गोल किए। सोलखोली की ओर से पुष्पिता ने 1 गोल किया।

**तीसरा मैच: शांतिनगर शूरमा बनाम चीखली ड्रैगन्स**

दोनों टीमों के बीच मुकाबला 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ, जिसके बाद शूटआउट में शांतिनगर शूरमा ने जीत हासिल की। शांतिनगर की ओर से विवेक यादव ने 2, देवेंद्र मानिकपुरी व योगेंद्र यादव ने 1-1 गोल किए। चीखली की ओर से अजय यादव ने 2 गोल किए।



**चौथा और अंतिम मैच: चीखली ड्रैगन्स बनाम शंकरपुर फाइटर्स**

यह मुकाबला भी शूटआउट तक गया, जिसमें चीखली ड्रैगन्स ने शानदार जीत दर्ज की।

**कल के मैच (6 जून)**

3:00 बजे: रामनगर हीरोज बनाम राइजिंग स्टार गौरीनगर

4:00 बजे: दीनदयाल चैलेंजर्स बनाम रमन बाजार वारियर्स

5:00 बजे: शांतिनगर शूरमा बनाम चीखली ड्रैगन्स

## 8 साल से फरार था धोखाधड़ी का आरोपी, डोंगरगांव पुलिस ने किया गिरफ्तार

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** आठ साल पुराने धोखाधड़ी के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर डोंगरगांव पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की है।



आरोपी रामधनीराम विश्वकर्मा को पुलिस ने जशपुर जिले से पकड़ा और न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मामला वर्ष 2017 का है, जब डोंगरगांव थाना क्षेत्र में दर्ज अपराध क्रमांक 260/2017 धारा 420, 34 भा.दं.वि. के तहत धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज की गई थी। इसके बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। प्रभारी प्रभारी अवनीश कुमार श्रीवास ने बताया कि गठित पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर जशपुर जिले के दुलदुला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झारगांव से आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी रामधनीराम विश्वकर्मा (33 वर्ष), पिता स्व. बुद्धीराम विश्वकर्मा, निवासी ग्राम झारगांव, पोस्ट कसतुरा, थाना दुलदुला, जिला जशपुर का निवासी है। इस कार्रवाई में सहायक उपनिरीक्षक ईश्वर प्रसाद यादव, प्रधान आरक्षक प्रकाश चंद्रवंशी एवं आरक्षक राकेश कुमार साहू की अहम भूमिका रही।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ माँ के नाम पौधा लगाया गया

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** - विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गुंगेरी नवागांव में फलदार और छायादार पेड़-पौधे लगाये गए साथ ही पेड़ पौधें जल संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है ।जिससे हम जल संकट से निदान कर सकते हैं जिसकी जानकारी दी गई।इस अवसर पर सरपंच भेलेन्द्र नेताम,शाला विकास समिति के अध्यक्ष राजेंद्र साहू, शिक्षक आर. एन. श्रीवास,गैंद लाल डाहरे, माधव साहू ,किशन देशमुख ,शिक्षिका दीपिका साहू, अंजु देवांगन, शशि ठाकुर , ग्राम प्रमुख पन्ना यादव, डॉ खेमुदास साहू, हेमन्त साहू टीलेश्वर साहू , अमरनाथ एवं शाला के बच्चे कुमारी विद्या, नागेश्वर साहू,प्रियंका, सुलेखा, धनेश्वरी उपस्थित थे।



## तुमड़ीबोड़ अस्पताल की सुविधा बढ़ाने जनपद सदस्य सरिता साहू की पहल



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जनपद पंचायत डोंगरगाँव अंतर्गत तुमड़ी बोड़ क्षेत्र की सदस्य सरिता मदन साहू क्षेत्र की जनता को ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाएँ दिलाने सतत् प्रयत्न शील हैं। इस कड़ी में उन्होंने एबीस कंपनी के प्रबंधक से पत्र व्यवहार करते हुए बात की है । श्रीमती साहू ने उनसे तुमड़ी बोड़ सरकारी अस्पताल के जचकी वार्ड में एयर कंडीशनर लगवाने और लंबी अवधि से चालक के नहीं रहने से खड़ी एम्बुलेंस के लिए चालक उपलब्ध करवाने की मांग की है। श्रीमती साहू ने बताया कि जनपद पंचायत डोंगरगांव क्षेत्र कमांक तुमड़ीबोड़ में शासकीय अस्पताल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमड़ीबोड़ मे पूर्व से ही एक नग एम्बुलेंस शासन द्वारा प्रदान किया गया है परन्तु उक्त एम्बुलेंस के संचालन हेतु कोई भी वाहन चालक उपलब्ध नही है जिसके कारण एम्बुलेंस का उपयोग नही हो पा रहा है जिस हेतु एक वाहन चालक आपकी संस्था से उपलब्ध कराने की कृपा करेगे साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमड़ीबोड़ के प्रसव कक्ष में 01 नग एसी की आवश्यकता है जिसे संस्था के जीवन दीप समिति के फंड में राशि न्यूनतम होने के कारण से खरीदा जाना संभव नही है। जिस पर जनपद सदस्य सरिता मदन साहू के प्रयास से एबीस ग्रुप ऑफ कंपनी (इंदमरा) ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए एम्बुलेंस संचालन हेतु ड्राइवर की व्यवस्था की हैं। जिसके लिए श्रीमती साहू ने एबीस ग्रुप ऑफकंपनी (इंदमरा) का धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस अवसर पर मुख्य रूप मितानिन सुखबती वर्मा, कमलेश्वरी, मुलिया निषाद, रेणुका वर्मा, सावित्री साहू, उषा साहू, ममता साहू, प्रमिला श्रीवास्तव, दिलेश्वरी साहू, राजकुमारी साहू, गिरिजा साहू, पंचगण, आशीष साहू, जयराम साहू, डॉ अजय त्रिपाठी सहित समस्त हॉस्पिटल स्टाफ उपस्थित थे।

## साइकिल चलाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

### नेहरू महाविद्यालय में मनाया गया विश्व साइकिल दिवस



**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर 3 जून मंगलवार को शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) ईकाई के संयुक्त तत्वाधान शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती के निर्देशन में विश्व साइकिल दिवस मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य सहित समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उपस्थित छात्र-छात्राओं ने साइकिल दिवस 2025 की थिम - स्थाई भविष्य के लिए साइकिल चलाना, को ध्यान में रखकर महाविद्यालय परिसर में साइकिल चलाकर साइकिल चलाओ, पर्यावरण बचाओज् और फिट रहो, हिट रहो का संदेश दिया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती ने कहा कि साइकिल एक सशक्त माध्यम है, न केवल यातायात के लिए, बल्कि स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के लिए भी। हमें इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2018 में 3 जून को विश्व साइकिल दिवस के रूप में घोषित किया गया था। तब से यह दिन विश्व भर में मनाया जा रहा है ताकि साइकिल को एक सस्ता, स्वच्छ और टिकाऊ परिवहन साधन के रूप में प्रोत्साहन मिल सके। इस दिवस का उद्देश्य साइकिल चलाने की आदत को बढ़ावा देना, पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करना और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एच.आर. पदमें, सहा. प्राध्या. जी.के. यादव, बेदप्रकाश साहू, ग्रंथपाल नितेश तिरपुड़े सहित कर्मचारीगण नितिन शांडिल्य, के.जी. सोनकर, सुशील सोनवानी, संदीप गजभिये, शैलेन्द्र यादव, चित्रा खोब्रागढ़े, प्रिति सहारे, महेश कोटांगले सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## रिद्धि सिद्धि कॉलोनी में एक शाम मास्टर जी के नाम कार्यक्रम का आयोजन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** रिद्धि सिद्धि कॉलोनी फेस 3 के शेड गार्डन में राष्ट्रीय ख्याति लब्ध निबंधकार ,कहानीकार ,आलोचक पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी जी के 131 वीं जयंती के उपलक्ष में एक शाम मास्टर जी के नाम शीर्षक से साहित्यिक परिचर्चा एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया । इस आयोजन के मुख्य अतिथि श्री डुरेंद्र साहू जी पार्षद, अध्यक्षता श्री नरेश साहू जी अध्यक्ष रिद्धि सिद्धि कॉलोनी फेस 3 एवं विशिष्ट अतिथि डॉ .शंकर मुनि राय जी , श्री प्रभात बक्शी जी ,श्री आत्माराम कोशा जी, डॉ. के के द्विवेदी जी एवं श्री अमलेंदु हाजरा जी थे। इस कार्यक्रम में राजनांदगांव, डोंगरगांव, डोंगरगढ़ , सुरगी , मोखला , सोमानी के ख्याति लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकार उपस्थित थे । प्रथम सत्र में बक्शी जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा बक्शी



जी की कृति छत्तीसगढ़ की आत्मा शीर्षक के अंतर्गत किया गया । जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में डॉ. शंकर मुनि राय जी ,श्री प्रभात बक्शी जी ,डॉ. के के द्विवेदी जी ,श्री आत्माराम कोशा जी एवं श्री कुबेर सिंह साहू जी को आमंत्रित किया गया था । सभी वक्ताओं ने बहुत ही सारगर्भित रूप में बक्शी जी की व्यक्तित्व के अनेक पहलुओं एवं उनके महत्वपूर्ण कृतित्व पर प्रकाश डाला एवं बक्शी जी के द्वारा साहित्यक योगदान की विस्तृत चर्चा की । साहित्यिक परिचर्चा के पश्चात आमंत्रित कवियों के द्वारा सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया । इस कवि गोष्ठी में डॉ. शंकर मुनि राय जी , डॉ. के के द्विवेदी जी ,श्री आत्माराम कोशा जी, डॉ. चंद्रशेखर शर्मा जी ,श्री कुबेर सिंह साहू जी ,श्री अनुराग सक्सेना जी ,श्री प्रभात बक्शी जी ,श्री राजकुमार चौधरी जी ,श्री ओम प्रकाश अंकुर जी ,श्री डोहर दास साहू जी ,श्री लखन साहू लहर जी ,श्री महेंद्र बघेल मधु जी ,श्री वीरेंद्र तिवारी वीरू जी ,श्री शैलेश गुप्ता जी ,श्री थंगेश्वर कुमार साहू मीत जी ,श्रीमती सुषमा शुक्ला जी ,श्री अनंत शर्मा जी ,श्री अमलेंदु हाजरा जी एवं श्री मान सिंह मौलिक जी ने काव्य पाठ करके कार्यक्रम को शिखर पर पहुंचाया। एवं उपस्थित श्रोता गणों ने भरपूर तालियों के साथ कवियों का उत्साहवर्धन किया ।

## नेशनल कन्सलटेशन में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी मनीषा श्रीवास्तव



**राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा दिल्ली इंटरनेशनल सेंटर, दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कन्सलटेशन में किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य श्रीमती मनीषा श्रीवास्तव छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी। दिल्ली विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा दिल्ली इंटरनेशनल सेंटर में 6 और 7 जून को दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर पर परामर्श कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसमें देशभर से प्रत्येक राज्य से किशोर न्याय बोर्ड के एक - एक सदस्य को आमंत्रित किया गया है। उक्त कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने हेतु शासन द्वारा किशोर न्याय बोर्ड राजनांदगाँव की सदस्य श्रीमती मनीषा श्रीवास्तव को नामित किया गया है। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कन्सलटेशन में मुख्य रूप से किशोर न्याय अधिनियम अंतर्गत विभिन्न प्रावधानों, बाल संरक्षण, बाल अधिकार आदि पर चर्चा और परामर्श किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में देशभर के किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों सहित राष्ट्रीय स्तर के विषय विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे।

आवश्यक सूचना

18 वर्ष से अधिक उम्र के युवा-युति को अपने काम, पढ़ाई के साथ बिना जॉब किए जरूरत से ज्यादा बड़ी इंकम, पद और डिग्री तीनों एक साथ बनाना सीखाया जाता हैं:



एडमिशन ओपन फॉर ऑल...

-: संपर्क करें :-

इंजीनियर पी एल सुलाखे हरि ऊँ नगर

ऋषि कुंज, राजनांदगांव, मो. 9425554092

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर के स्वास्थ्य मेले में दाई-बबा दिवस का हुआ आयोजन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में जिले के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने एवं बुजुर्गों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने के लिए शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोतीपुर के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में स्वास्थ्य मेले में दाई-बबा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महापौर श्री मधुसुदन यादव, स्वास्थ्य विभाग के चेयरमैन श्री शैकी बग्गा, वार्ड पार्षद श्री कमलेश बन्धे, पार्षद श्री मनोहर यादव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन उपस्थित थे। महापौर श्री मधुसुदन यादव ने कहा कि दाई-बबा दिवस का मुख्य उद्देश्य समुदाय स्तर पर बुजुर्गों के सम्मान एवं स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुदृढ़ करना हैं। दाई-बबा दिवस का थीम हमारे बुजुर्ग हमारी धरोहर रखी गई हैं। उन्होंने कहा कि सीएचओ, महिला एवं पुरूष स्वास्थ्य संयोजक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिन बच्चों को दादा-दादी या नाना-नानी को स्वास्थ्य मेले में लाने के लिए प्रेरित करें।मुख्य चिकित्सा एवं



स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य और बुजुर्गों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने के लिए प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बुधवार को आयोजित होने वाले स्वास्थ्य मेले में दाई-बबा दिवस का आयोजन किया गया। जिले में कुल 7454 बुजुर्गों का रक्तचाप, रक्तशर्करा, मोतियाबिंद व अन्य स्वास्थ्य की जांच, मानसिक स्वास्थ्य व संज्ञानात्मक परीक्षण किया गया। साथ ही कुल 234 आयुष्मान वय वंदन कार्ड बनाया गया। प्रत्येक बुजुर्ग के लिए स्वास्थ्य कार्ड, जिसमें उनकी जांच रिपोर्ट, बीएमआई व सुझाव दर्ज किये गये। जिन बुजुर्गों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं हैं, उनका कार्ड बनवाया गया। इस अवसर पर डॉ. विकास राठौर, डॉ. पूजा मेश्राम, डॉ. शैलेष जोशी, डॉ. दीपान्शु शर्मा, शहरी सुपरवाईजर श्री कौशल शर्मा, श्री पंकज झा, श्रीमती नूतन साहू, श्रीमती मंजू साहू, श्री अरविंद वर्मा, श्री नेतराम मंडावी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी व वरिष्ठ नागरीकगण उपस्थित थे।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com